# प्रादर्श प्रश्न पत्र 2013–14
## विषय – भूगोल (Geography)
## कक्षा – बारहवीं
## सेट–ए

**समय– 3 घंटे** **पूर्णांक– 75**

**Time- 3 Hours** **Maximum Mark – 75**

**निर्देश–**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
ii. प्रश्न पत्र में दिये गये निर्देश सावधानी पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
iii. प्रश्न क्र. 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिनके अन्तर्गत सही विकल्प का चयन, सही जोड़ी बनाना, रिक्त स्थानों की पूर्ति, एवं एक वाक्य में उत्तर प्रकार के प्रश्न दिये गये है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। 1 x 5 , 5 x 4 = 20 अंक
iv. प्रश्न क्रमांक 5 से 18 तक में आन्तरिक विकल्प दिये गये है।
v. प्रश्न क्रमांक 5 से 8 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।
vi. प्रश्न क्रमांक 9 से 13 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखना है।
vii. प्रश्न क्रमांक 14 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखना है।
viii. प्रश्न क्रमांक 17 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक एवं उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखना है।

**Instructions –**

i. All questions are compulsory.
ii. Read the instructions of the question paper carefully and answer the questions.
iii. Q. No. 1 to 4 are objective type which include - choose the correct answers, match the column, Fill up the blanks and one sentence answer. Each question is allotted 5 marks. 1 x 5, 5 x 4 = 20 Marks.
iv. Internal options are given in Q. No. 5 to 18.
v. Q. No. 5 to 8 are assigned 2 marks each.
vi. Q. No. 9 to 13 carry 4 marks each and answer should be given in about 75 words.
vii. Q. No. 14 to 16 carry 5 marks each and answer should be given in about 120 words.

viii. Q. No. 17 to 18 carries 6 marks and answer should be given in about 150 words.

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(अ) जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन सा स्थान है –

(i) तीसरा (ii) दूसरा

(iii) सातवां (iv) पांचवा

(ब) विश्व का सबसे लम्बा रेल मार्ग है –

(i) ट्रान्स साईबरियन रेलमार्ग (ii) ट्रान्स इण्डियन रेलमार्ग

(iii) केनेडियन पेसेफिक रेलमार्ग (iv) केप टू काहिरा रेलमार्ग

(स) भारत में निम्न में से किस खाद्यान्न फसल का सबसे अधिक क्षेत्र है –

(i) गेहूं (ii) मक्का

(iii) चावल (iv) बाजरा

(द) भारत में सर्वाधिक रबर का उत्पादन होता है –

(i) केरल (ii) तमिलनाडु

(iii) असम (iv) कर्नाटक

(इ) सबसे सस्ता परिवहन कौन सा है –

(i) वायु परिवहन (ii) सड़क परिवहन

(iii) रेल परिवहन (iv) जल परिवहन

Choose correct option -

(a) Indicate place of India in comparison other countries of the world in respect of population -

(i) Third (ii) Second

(iii) Seventh (iv) Fifth

(b) The longest rail route of the world is -

(i) Trans Siberian rail route (ii) Trans Indian rail route

(iii) Canadian Pacific rail route (iv) Cape to caria rail route

(c) Which food crops cover more area in India-

(i) Wheat (ii) Maize

(iii) Rice (iv) Bajara

(d) Largest producer of Rubber in India is -

(i) Kerala (ii) Tamil Nadu

(iii) Assam (iv) Karnataka

(e) Which is the cheapest transport -

(i) Air transport (ii) Road Transport

(iii) Rail transport (iv) Water transport

प्रश्न 2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1. कु.ई.सी. सेम्पुल.......................भूगोलवेत्ता है।
2. डेयरी फार्मिंग में दुधारू पशुओं के पालन और.................पर बल दिया जाता है।
3. संसार में सबसे ऊंची सड़क मनाली से......................तक है।
4. भारत का ज्वारीय बंदरगाह.....................है।
5. भारतीय मृद्रा की प्रमुख समस्या अपरदन एवं........................का ह्मस है।

Fill in the blanks.

1. Kumari E.C. sampule is..................Geographer.
2. In Dairy forming main force given on milk producing animal rearing and.............
3. Manali to..............road is the highest road of the world.
4. Tidal port of India is................
5. Main problem of Indian soil is erosion and............degradation.

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए।

1. मेगालोपोलिस नगर किसे कहते है?
2. संयुक्त अधिवास क्या है?

3. भारत के किस राज्य मं जनसंख्या घनत्व कम है?

4. किस खनिज को ''जेक आफ आल ट्रेडस्'' कहते है?

5. ध्वनि प्रदूषण किसे कहते है?

Answer in one sentence.

1. What is the "Megalopolis" city?
2. What is composite settlements?
3. In which state of India density of population is low?
4. Which mineral is known as "Jake of all trades"?
5. What is the sound pollution?

प्रश्न 4. स्तंभ ' अ' के लिए स्तंभ 'ब' से चुनकर सही जोड़ियां बनाइए –

| | **अ** | **–** | **ब** |
|---|---|---|---|
| (अ) | प्रशासनिक नगर | – | दुर्गापुर |
| (ब) | औद्योगिक नगर | – | दिल्ली |
| (स) | दामोदर घाटी निगम | – | कानपुर |
| (द) | आंध्रप्रदेश | – | गांधी फार्म |
| (इ) | तमिलनाडु | – | विशाखापट्टम् |

Match the correct pair for column 'A' choosing from column 'B'.

| | A | - | B |
|---|---|---|---|
| (a) | Administrative town | - | Durgapur |
| (b) | Industrial town | - | Delhi |
| (c) | Damodar valley corporation | - | Kanpur |
| (d) | Andhra Pradesh | - | Gandhi Farm |
| (e) | Tamil Nadu | - | Vishakhapatnam |

प्रश्न 5. मानव भूगोल का जनक किसे और क्यों कहा जाता है?

Who is the Father of Human Geography and why the is called?

अथवा

Or

फ्रांसीसी स्कूल के जनक कौन और क्यों कहे जाते है?

Who was the founder of franch school and why?

प्रश्न 6. नगरीय अधिवास की कोई दो प्रमुख विशेषताएं लिखिए।

Write the main characteristics of urban settlements.

अथवा

Or

ग्रामीण अधिवास की कोई दो प्रमुख विशेषताएं लिखिए।

Write the main two characteristics of rural settlements.

प्रश्न 7. सघन एवं एकांकी बस्तियों में क्या अंतर है?

Write the difference between compact and isolated settlements.

अथवा

Or

भारत में तेजी से हो रहे नगरीयकरण के दो दुष्प्रभावों को लिखिए?

Write two demerits of fast urbanization of India.

प्रश्न 8. नगरीय कचरे के निपटान के दो उपाय लिखिए।

Write two ways waste disposal.

अथवा

Or

भूमि की गुणवत्ता को बनाए रखने के कोई दो उपाय लिखिए।

Write any two ways to keep to keep up the quality of Soil.

प्रश्न 9. ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या में कोई चार अंतर लिखिए।

Write four differences between rural and urban population.

अथवा

Or

उत्पादक एवं आश्रित जनसंख्या को संक्षिप्त में समझाइये।

Explain in short productive population and dependent population.

प्रश्न 10. लघु उद्योग एवं वृहद उद्योग में महत्वपूर्ण चार अंतर लिखिए।

Write any four main differences between the small scale and large scale industries.

अथवा

Or

जीवकोपार्जन कृषि क्या है? इसकी चार प्रमुख विशेषताएं बताइये?

What is subsistence agriculture? mention its any four main characteristics?

प्रश्न 11. स्वेज नहर के चार व्यापारिक महत्व लिखिए।

Write any four commercial importance of Svej Cannel.

अथवा

Or

पनामा नहर के चार व्यापारिक महत्व लिखिए।

Write any four commercial importance of Panama Cannel.

प्रश्न 12. जनसंख्या के वितरण एवं घनत्व को प्रभावित करने वाले कोई चार कारकों को समझाइयें।

Explain any four factors Effecting the Distribution and Density of Populations.

अथवा

Or

भारत में जनसंख्या वृद्धि रोकने के चार उपाय लिखिए।

Write four main checks for the control of population in India?

प्रश्न 13. पेट्रोलियम खनिज की कमी भारत की अर्थव्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित करती है?

How does the deficiency of Petroleum affect the Indian Economy?

अथवा

Or

भारत प्राकृतिक संसाधनों में नहीं अपितु प्रौद्योगिकी में निर्धन है इस कथन की पुष्टि कीजिए।

India is not poor is natural resources. but poor in Technology. prove this statement.

प्रश्न 14. लघु उद्योग एवं वृहद उद्योग मे महत्वपूर्ण पांच अंतर लिखिए।

Write five main differences between the small scale and large scale industries.

अथवा

Or

भारत में सूत्री वस्त्र उद्योग का केन्द्रीयकरण किस क्षेत्र में हुआ है और क्यों?

In which area centralization of "Cotton textile industries" is been done and why?

प्रश्न 15. भारत के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की कोई पांच विशेषताएं लिखिये।

Write any five Charactersties of International Trade of India.

अथवा

Or

कृत्रिम उपग्रहों के पांच उपयोग लिखिए।

Write any five uses of Artifical Satellites.

प्रश्न 16. दिये गये संसार के सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित दर्शाये –

1. ट्रान्स साइबेरियन रेलमार्ग।
2. मुम्बई से लंदन जलमार्ग।
3. न्यूयार्क बंदरगाह।

4. अमेजन नदी।

5. अंधमहासागर

State the following in the outline map the world –

1. Trans Siberiyan Rail Route.
2. Mumbai to London Water Route.
3. Newyork Port.
4. Amazon River.
5. Allantic Ocean.

अथवा

Or

दिये गये संसार के सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये।

1. केप काहिरा रेलमार्ग।
2. लंदन से न्यूयार्क जलमार्ग।
3. सेन फ्रांसिस्को नगर।
4. पनामा नहर।
5. अरब सागर।

Show the following in outline map of the world.

1. Cap-cairo Rail Route.
2. London to Newyork Water Rout.
3. Sanfranisco City.
4. Panama Canal
5. Arabian Sea.

प्रश्न 17. भारतीय कृषि की प्रमुख छः समस्याएं लिखिए।

Write any six problems of Indian Agriculture.

अथवा

Or

चावल की फसल के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाएं लिखिए।

Write the necessary geographical conditions required for rice.

प्रश्न 18. वनों से होने वाले कोई छः लाभ लिखिए।

Write any six advantages from forests.

अथवा

Or

वन संरक्षण के कोई छः उपाय लिखिए।

Write any six ways of forest conjuration.

— — — — — —

# <u>आदर्श उत्तर</u>

## विषय – भूगोल (Geography)
## कक्षा – बारहवीं

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर –**

उत्तर 1. सही विकल्प –

(i) दूसरा

(ii) ट्रान्स साइबेरियन रेलमार्ग

(iii) चांवल

(iv) केरल

(v) जल परिवहन।

**5 सही हल करने पर 5 अंक प्राप्त होंगे। 1+1+1+1+1=5**

उत्तर 3. रिक्त स्थान –

(i) अमेरिकी

(ii) प्रजनन

(iii) लेह

(iv) मंगलौर

(v) गुणवत्ता

**5 सही हल करने पर 5 अंक प्राप्त होंगे। 1+1+1+1+1=5**

उत्तर 3. एक वाक्य में उत्तर –

1. विश्व के विशाल नगर जिनकी जनसंख्या 50 लाख से अधिक होती है। जैसेः टोकियो, मुम्बई, लंदन, पेरिस आदि।
2. इसमें एक प्रमुख अधिवास तथा उसके चारों ओर दो या अधिक पुरवे होते है।
3. भारत के अरूणाचल प्रदेश में जनसंख्या घनत्व कम है।
4. मेंगनीज को 'जेक आफ आल ट्रेडस्'' कहते है।

5. अनचाही उंचे स्वर की ध्वनि को शोर कहते है। शोर से होने वाली बेचेनी को ध्वनि प्रदूषण कहते है।

**5 सही हल करने पर 5 अंक प्राप्त होंगे।** **1+1+1+1+1=5**

उत्तर 4. सही जोडियां –

| | **अ** | **–** | **ब** |
|---|---|---|---|
| (अ) | प्रशासनिक नगर | – | दिल्ली |
| (ब) | औद्योगिक नगर | – | कानपुर |
| (स) | दामोदर घाटी निगम | – | दुर्गापुर |
| (द) | आंध्रप्रदेश | – | विशाखापट्टम् |
| (इ) | तमिलनाडु | – | गांधी फार्म |

**5 सही हल करने पर 5 अंक प्राप्त होंगे।** **1+1+1+1+1=5**

उत्तर 5. प्रसिद्ध भूगोलवेत्ता फेडरिक रेटजेल को मानव भूगोल का जनक कहा जाता है। रेटजेल के अनुसार ''मानव सर्वत्र वातावरण से संबंधित होता है जो स्वयं भौतिक दशाओं का एक योग होता है।''

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

फ्रांसीसी स्कूल के जनक भूगोलवेत्ता विडाल डी. ला. ब्लाश है। इन्होने मानव भूगोल को एक विधान के स्तर पर रखा और कहा कि मानव भूगोल पृथ्वी और मानव के पारस्परिक संबंधों को एक नई संकल्पना देता है। वह पृथ्वी पर निवास करने वाले जीवों के पारस्परिक अतः सम्बंधों का संश्लेषात्मक ज्ञान होता है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 6. नगरीय अधिवास की दो विशेषताएं –

1. नगरीय अधिवास के निवासियों का व्यवसाय द्वितीयक, तृतीयक प्रकार का होता है यहां के लोगों का व्यवसाय उद्योग परिवहन व्यापार एवं उच्च सेवाएं होती है।
2. ये अधिवास शिक्षा, चिकित्सा परिवहन आदि सुविधाओं से युक्त होते है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

ग्रामीण अधिवास की दो विशेषताए निम्नलिखित है –

1. ग्रामीण बस्तियां छोटी होती है यहां के निवासियों का मुख्य व्यवसाय कृषि, पशुपालन, पशुचारण आखेट खनन आदि होता है।
2. ग्रामीण अधिवास में जनसंख्या कम होती है। ग्रामीण बस्तियां प्रकीर्ण एवं एकांकी होती है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 7. एकांकी बस्ती एवं सघन बस्ती में अंतर –

| क्र | एकांकी बस्ती | सघन बस्ती |
|---|---|---|
| 1. | इस प्रकार की बस्तियों में माकन दूर–दूर बने होते है। | इन बस्तियों में मकान पास–पास बने होते है। |
| 2. | इनमें रास्ते एवं गलियां अव्यवस्थित होती है। | इनमें गलियां संकरी होती है। |
| 3. | कृषक अपने खेतों में झोपड़ियां बनाकर रहते है इनमें एक ही परिवार निवास करता है। ये अर्द्धविकसित | इन बस्तियों में मकान एक दूसरे से सटे हुए बने होते है। ये सामाजिकता से ओतप्रोत |

| | | |
|---|---|---|
| | सामाजिक संगठन इनकी स्थापना का कारण है। | होते है। |

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

तीव्र नगरीयकरण के दो दुष्प्रभाव निम्नलिखित है –

1. कई बार नगरों में बेरोजगारी की गहन समस्या उत्पन्न हो जाती है, सुधार करना जिससे ग्रामीण अप्रवासियों को पुनः गांवों की ओर भागना पड़ता है।
2. नगरों में जनसंख्या बढ़ने से आवास, चिकित्सा, एवं स्वच्छ जल आपूर्ति आदि सेवाओं पर प्रभाव पड़ता है और वहां गन्दी बस्तियों की संख्या बढ़ने लगती है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 8. नगरीय कचरे के निपटान के दो उपाय निम्नलिखित है –

1. नगर के कचरे को सुनियोजित रूप से एकत्रित करके ट्रेक्टर एवं ट्रकों की सहायता से नगर के बाहर बड़े–बड़े गड्ढ़ों में डालकर उन्हें पाटा जा सकता है।
2. नगरीय कचरे से कांच, प्लास्टिक आदि पदार्थ अलग कर खाद बनाई जा सकती है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

भूमि की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए दो उपाय निम्नलिखित है –

1. रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर कम्पोस्ट तथा हरी खाद का प्रयोग किया जाना चाहिए एवं साथ ही फसलों पर विषैले कीटनाशकों का प्रयोग विवेकपूर्ण ढंग से किया जाना चाहिए।
2. सिंचाई एवं उर्वरकों का प्रयोग करने के पहले मिट्टी व पानी की जांच की जानी चाहिए एवं क्षारीय या अम्लीय भूमि को वैज्ञानिक ढंग से संशोधित किया जाना चाहिए।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 9. ग्रामीण जनसंख्या और नगरीय जनसंख्या में निम्नलिखित अन्तर है :–

| क्र. | ग्रामीण जनसंख्या | नगरीय जनसंख्या |
|---|---|---|
| 1 | विश्व की कुल जनसंख्या का 53 प्रतिशत भाग गांवों में निवास करता है। | विश्व की कुल जनसंख्या का 47 प्रतिशत भाग नगरों में निवास करता है। |
| 2 | गांवों में निवास करने वाली जनसंख्या को ग्रामीण जनसंख्या कहते है। | छोटे–बड़े नगरों में निवास करने वाली जनसंख्या को नगरीय जनसंख्या कहते है। |
| 3 | इनकी वृद्धि की दर नगरीय जनसंख्या की अपेक्षा कम होती है। | इनकी वृद्धि की दर ऊंची होती है। |
| 4 | यहां रहने वाली जनसंख्या को जीविका का मुख्य आधार कृषि व्यवसाय व अन्य कुटीर उद्योग होते है। | यहां रहने वाली जनसंख्या, उद्योग एवं विभिन्न प्रकार की सेवाएं है। |

**(उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 4 अंक प्राप्त होंगे)**

अथवा

**उत्पादक जनसंख्या :–** उत्पादक जनसंख्या किसी देश की कुल जनसंख्या का वह भाग होती है जो काम करके, परिश्रम करके, अपना अपने परिवार का भरण पोषण करती है, हमारे देश में उत्पादक जनसंख्या का अनुपात 33.45 प्रतिशत है।

**आश्रित जनसंख्या :–** आश्रित जनसंख्या अर्थात् वह लोग जो दूसरों पर पूर्णतः आश्रित रहते है। किसी देश की कुल जनसंख्या का वह भाग जो धन अर्जन करने का कोई कार्य नहीं करता। इनमें 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चे एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्ध आते है। इनमें घर में कार्य करने वाली महिलाएं भी सम्मिलित है। ये लोग भरण पोषण के लिए दूसरों पर निर्भर रहते है। इसलिए इनको आश्रित जनसंख्या कहते है। हमारे देश में इनका अनुपात 66 प्रतिशत से अधिक है।

**(उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर पूर्ण पर 4 अंक प्राप्त होंगे)**

उत्तर 10. लघु उद्योग एवं वृहद उद्योग में अंतर –

| क्र. | लघु उद्योग | वृहद उद्योग |
|---|---|---|
| 1 | यह उद्योग छोटे स्तर पर होता है। | यह बड़े स्तर पर होता है। |
| 2 | इसमें कच्चा माल स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न होने पर दूरस्थ स्थानों से मंगाया जाता है। | इसमें कच्चा माल दूर स्थित स्थानों के अतिरिक्त विदेशों से आयात किया जाता है। |
| 3 | इसमें कम पूंजी और कम श्रम की आवश्यकता होती है। | इसमें अधिक पूंजी व अधिक श्रम की आवश्यकता होती है। |
| 4 | इसमें बने हुए माल की गुणवत्ता पर | इसमें बने हुए माल की गुणवत्ता |

| | | |
|---|---|---|
| | विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। | पर विशेष ध्यान दिया जाता है। |

**(उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 4 अंक प्राप्त होंगे)**

अथवा

जीवकोपार्जन कृषि :– वह कृषि जिसमें कृषक अपनी तथा अपने परिवार की उदरपूर्ति के लिए फसलें उगाता है उसे जीवकोपार्जन कृषि कहते है।

1. कृषि पद्धति पुरातन होती है जिसमें साधारण कृषि औजारो का प्रयोग होता है तथा मानव श्रम को अधिक महत्व दिया जाता है।
2. अधिकतम उपादन लेने का प्रयास किया जाता है। इसके लिए मिट्टी में उर्वरता बनाए रखने हेतु खाद्य उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है।
3. खेत प्रायः छोटे होते है तथा वर्ष में एक दो तीन चार फसले तक ली जाती है।
4. अधिकांश उपजाऊ भूमि में कृषि की जाती है इससे यहां चरागाहों का अभाव रहता है।

**(उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 4 अंक प्राप्त होंगे)**

उत्तर 11. स्वेज नहर का व्यापारिक महत्व निम्नलिखित है :–

1. स्वेज नहर के बन जाने से यूरोप और एशिया के कई शहरों की दूरियों में कमी आने से समय एवं धन की बचत हुई।
2. इस मार्ग के बन जाने से विश्व की तीन चौथाई जनसंख्या को यातायात का साधन उपलब्ध हुआ।
3. इस मार्ग पर जलयानों को पर्याप्त माल मिलता है।
4. इस मार्ग के बन जाने से सबसे अधिक फायदा यह हुआ कि जहाजों को अब अफ्रीका का चक्कर नहीं लगाना पड़ता है।

5. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के विकास में इसका बहुत बड़ा योगदान है।

**(उपरोक्तानुसार में से किन्हीं चार बिन्दुओं के विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 4 अंक प्राप्त होंगे)**

अथवा

पनामा नहर का व्यापारिक महत्व :–

1. इस नहर के बनने से चक्करदार दूरियां कम हो जाती है यह इसका बहुत बड़ा महत्व है। अर्थात दक्षिणी अमेरीका महाद्वीप का चक्कर खत्म हो गया है।
2. पनामा नहर के बन जाने से अनेक देशों के व्यापार में वृद्धि हुई।
3. इस नहर के बन जाने से संयुक्त राज्य अमेरिका से कई प्रकार के सामान–खाद्य पदार्थ आदि का व्यापार प्रचुर मात्रा में होता है।
4. इस नहर के बन जाने से संयुक्त राज्य अमेरिका के पश्चिमी तटों पर स्थित बन्दरगाहों की दूरी पूर्वी तटों पर स्थित बन्दरगाहों से बहुत कम हो गई है।

**(उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 4 अंक प्राप्त होंगे)**

उत्तर 12. भारत में जन संख्या के घनत्व एवं वितरण को प्रभावित करने वाले कारक निम्नलिखित है :–

1. **धरातल :–** समतल मैदानी भागों में जनसंख्या का घनत्व अधिक पाया जाता है, जबकि पर्वतीय और पठारी भागों में कम पाया जाता है।
2. **जलवायु :–** सम तापमान की जलवायु में जनसंख्या घनत्व अधिक पाया जाता है, लेकिन अधिक गर्म और ठण्डी जलवायु में जनसंख्या का घनत्व कम पाया जाता है।
3. **खनिज पदार्थ :–** खनिज पदार्थ की उपलब्धता जनसंख्या के घनत्व को बढ़ाती है।

4. **औद्योगीकरण :–** उद्योगों का विकास भी जनसंख्या घनत्व में वृद्धि करता है क्योंकि यहां रोजगार के अवसर प्राप्त होते है।
5. **वर्षा :–** पर्याप्त वर्षा वाले स्थानों में जनसंख्या अधिक पायी जाती है, जबकि कम वर्षा एवं मरूथलीय इलाकों में बहुत कम जनसंख्या पायी जाती है।
6. **कृषि का विकास :–** जिन क्षेत्रों में कृषि का विकास अधिक होता है वहां जनसंख्या का घनत्व अधिक होता है।

इस प्रकार उपरोक्त कारणों के आधार पर जहां मानव आवास की सुविधाएं, आवास, भोजन, पानी, रोजगार, जीवन की सुरक्षा आदि आसानी से उपलब्ध होती है वहां जनसंख्या का घनत्व अधिक होता है।

**(उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 4 अंक प्राप्त होंगे)**

अथवा

भारत में जनसंख्या वृद्धि को रोकने के निम्नलिखित उपाय है :–

1. **शिक्षा के प्रसार द्वारा :–** ग्रामीण लोगों में शिक्षा का प्रचार–प्रसार किया जाकर अन्धविश्वास एवं अज्ञानता दूर कर जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण किया जा सकता है।
2. **विवाह की आयु में वृद्धि :–** बाल विवाह पर पूर्ण रूप से नियंत्रण किया जाना चाहिए।
3. **सामाजिक सुरक्षा की गारंटी :–** सरकार द्वारा वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देना चाहिए।
4. **परिवार कल्याण :–** इस कार्यक्रम को तीव्रता से लागू किया जाना चाहिए।
5. **जीवन स्तर ऊंचा उठाना :–** समाज में प्रत्येक व्यक्ति को जीवन स्तर ऊंचा उठाना आवश्यक है।

6. **स्त्री शिक्षा का प्रसार :–** स्त्री शिक्षा का प्रसार करने पर वे स्वयं छोटे परिवार के महत्व को समझेगी और बढ़े परिवार का विरोध करेगी। परिणाम स्वरूप जनसंख्या वृद्धि की दर में कमी आयेगी।

**(उपरोक्तानुसार विस्तार एवं अन्य बिन्दुओं का भी विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 4 अंक प्राप्त होंगे)**

उत्तर 13. पेट्रोलियम खनिज का भारत में प्राप्ति के स्त्रोत बहुत कम है जबकि हमारे देश में पेट्रोलियम की खपत दिनों दिन बढ़ रही है। अतः हमें अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए पेट्रोलियम पदार्थ ईरान, ईराक, सउदी अरब, म्यामांर, इण्डोनेशिया, बहरीन, रूस एवं रूमानिया से आयात करना पड़ता है।

देश की राष्ट्रीय आय का एक बड़ा भाग पेट्रोलियम के आयात पर खर्च करना पड़ता है। अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर जब पेट्रोलियम की कीमत में वृद्धि होती है तब अत्यधिक विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। इस प्रकार पेट्रोलियम खनिज की कमी भारत की अर्थव्यवस्था को बहुत प्रभावित करती है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार से लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

भारत प्राकृतिक खनिज सम्पदा की दृष्टि से काफी सम्पन्न राष्ट्र है। भारत में उत्पादित वस्तुओं हेतु जितना खनिज चाहिए उससे अधिक खनिज का खनन हो रहा हे। उदाहरण स्वरूप लोहा, मैगनीज, अभ्रक आदि का उत्पादन आवश्यकता से अधिक हो रहा हे। इसलिए इन धातुओं को कच्चे माल के रूप में विदेशों को निर्यात करना पड़ रहा है। ये बड़े घाटे का सौदा है। जिसे दूर करना अत्यंत आवश्यक है।

भारत में विशाल सम्पदाओं के होते हुए भी तकनीकी संसाधन पूंजी विदेशी मुद्रा एवं आधुनिक मशीनों का अभाव है। अतः भारत उनके दोहन, शोधन एवं यंत्रीकरण में विकसित राष्ट्रों से बहुत पीछे है। ये विकसित देश भारत से

कच्चा माल मंगाकर उनसे निर्मित वस्तुओं से कई गुना लाभ कमाते है। इस प्रकार भारत को दोनों ओर से आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार से लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 14. लघु उद्योग व वृहत उद्योग में अंतर –

| क्र. | लघु उद्योग | वृहत उद्योग |
|---|---|---|
| 1 | यह उद्योग छोटे स्तर पर होता है। | यह बड़े स्तर पर होता है। |
| 2 | इसमें कच्चा माल स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न होने पर दूरस्थ स्थानों से मंगाया जाता है। | इसमें कच्चा माल दूर स्थित स्थानों के अतिरिक्त विदेशों से आयात किया जाता है। |
| 3 | इसमें कम पूंजी और कम श्रम की आवश्यकता होती है। | इसमें अधिक पूंजी व अधिक श्रम की आवश्यकता होती है। |
| 4 | इसमें शक्तिचालित साधारण मशीनों का प्रयोग होता है। | इसमें आधुनिक एवं स्वचालित बड़ी मशीनों का प्रयोग होता है। |
| 5 | इसमें बने हुए माल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। | इसमें बने हुए माल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। |
| 6 | उत्पादित माल बाहर के बाजार में बेचा जाता है। | उत्पादित माल निर्यात किया जाता है। |

**(उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 5 अंक प्राप्त होंगे)**

अथवा

भारत में सूती वस्त्र उद्योग का केन्द्रीयकरण मुम्बई एवं अहमदाबाद में हुआ है। इसके कारण निम्नलिखित है :–

1. भारत में मुम्बई के आस पास काली मिट्टी वाला कपास क्षेत्र की निकटता एवं किस्म की कपास के आयात की सुविधा है।
2. सागरीय आर्द्र जलवायु प्राप्त है।
3. पश्चिमी घाट से उत्पादित विद्युत की प्राप्ति।
4. यहां पूंजी की सुलभता है।
5. प्राकृतिक बन्दरगाह (मुम्बई) है जहां से मशीनों की आयात की सुविधा रहती है।

**अहमदाबाद में केन्द्रीकरण के कारण :—**

1. अहमदाबाद कपास क्षेत्र के मध्य स्थित है।
2. कुशल एवं अर्द्धकुशल श्रमिक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।
3. जल विद्युत की सुलभता।
4. सड़क व रेल मार्गों द्वारा अहमदाबा देश के आंतरिक मांग से जुडा है।
5. यहां मुम्बई की अपेक्षा श्रम व भूमि सस्ती है।

**(उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 5 अंक प्राप्त होंगे)**

उत्तर 15. भारत के विदेशी व्यापार की निम्नलिखित विशेषताएं है :—

1. **विदेशी व्यापार में लगातार वृद्धि :—** विगत कई वर्षों पूर्व से लेकर आज तक हम देख रहे है कि भारत के विदेशी व्यापार में लगातार वृद्धि हो रही है एवं पर्याप्त मूल और परिणाम में वृद्धि हो रही है।
2. **समुद्री मार्गों से व्यापार :—** भारत का लगभग 90 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से होता है। स्थल मार्ग एवं वायु मार्ग से व्यापार बहुत कम मात्रा में होता है।
3. **निर्यात में परम्परागत वस्तुओं की अधिकता :—** भारत में निर्यात में व्यापार में परम्परागत वस्तुओं की अधिकता रहती है। इसमें चाय, जूट का सामान, तिलहन, खनिज पदार्थ, चमड़ा सूती वस्त्र आदि महत्वपूर्ण है।

4. **इलेक्ट्रानिक आदि सामग्री :—** भारत में विगत वर्षों में इलेक्ट्रानिक कम्प्यूटर, हार्डवेयर तथा साफ्टवेयर का निर्यात में उल्लेखनिय वृद्धि की है सबसे बड़ी विशेषता यह है कि विकसित देशों को इनका निर्यात किया जाता है।
5. **आयात व्यापार में भारी मशीनरी की अधिकता :—** भारत में बड़े—बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए मशीनरी का आयात बढ़ता जा रहा है। इसमें मशीने, कलपुर्जे आदि सामग्री सम्मिलित है।
6. **खाद्यान्नों तथा कच्चे माल के आयात में कमी :—** भारत में हरित क्रांति के कारण खाद्यान्नों का आयात कम हो गया है। इसी प्रकार कपास, पटसन के अधिक उत्पादन के कारण इनका आयात भी कम हो गया है।

**(उपरोक्तानुसार विस्तार एवं अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तार देने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 5 अंक प्राप्त होंगे)**

अथवा

कृत्रिम उपग्रह के उपयोग निम्नलिखित है :—

1. कृत्रिम उपग्रह से मौसम संबंधी जानकारी इनसे प्रेषित चित्रों के माध्यम से प्राप्त की जाती है जिसमें मौसम की अग्रिम जानकारी दी जा सकें।
2. कृत्रिम उपग्रह से संचार सेवाएं शुरू की गई। इससे प्रसारित माइक्रोवेब सेवा से एस.टी.डी., आई.एस.डी. सेवा शुरू की गई जिससे देश एवं विदेश के किसी भी भाग से तत्काल आपसी संपर्क किया जा सकता है।
3. दूर—दराज के दुर्गम स्थानों, निर्जन क्षेत्रों की वायरलेस एवं माइक्रोवेब व्यवस्था को उपग्रह संचार से जोड़कर शीघ्र सारे देश से जोड़ा जा सकता है।
4. उपग्रह संचार के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर टेलीफोन, रेडियो, टेलीविजन सेवा से मौसम विज्ञान अन्य विविध प्रकार के समाचार प्रसारित किए जाकर देश की जनता को अवगत कराया जाता है।

5. देश के विभिन्न स्त्रोतो संसाधनों, भूविज्ञान, भूमिगत जल एवं अन्य संसाधनों का पता लगाने में कृत्रिम उपग्रह का बहुत बड़ा योगदान है।

**(उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 5 अंक प्राप्त होंगे)**

उत्तर 16.

चित्र

अथवा

चित्र

उत्तर 17. भारतीय कृषि की प्रमुख समस्याएं निम्नलिखित है :–

1. **मानसून आधारित कृषि :–** भारत में कृषि मुख्य रूप से मानसून पर निर्भर रहती है। देश की केवल एक तिहाई भाग ही सिंचित है। मानसून की अनियमितता और अनिश्चिता के कारण देश की कृषि प्रभावित होती है। कभी सूखा और कभी बाढ़ की समस्या भी रहती है।
2. **फसलों की निम्न उत्पादकता :–** भारत देश का विस्मृत क्षेत्र वर्षा पर निर्भर होने के कारण फसलों की उत्पादकता पर प्रभाव पड़ता है और उत्पादन कम होता है।

3. **छोटे तथा बिखरे हुए खेत :–** कृषक परिवारों में हिस्से बंटवारे के कारण खेती की साइज छोटी होती जा रही है और अलग–अलग स्थानों पर होने से उन्नत कृषि नहीं की जा सकती है।
4. **अल्प रोजगार के अवसर :–** मानसूनी आधारित कृषि क्षेत्रों के कृषकों को वर्षभर कार्य करने का अवसर प्राप्त नहीं होता है।
5. **वित्तीय संसाधनों की कमी :–** कृषकों को ऋण लेकर खेती करनी पड़ती है। फसल कम होने, खराब होने पर वे कर्ज के बोझ तले दब जाते है यही क्रम बरसों तक चला रहता है।
6. **कृषि योग्य भूमि की उर्वरता में कमी :–** वर्तमान में कीटनाशक, रसायनों, रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक मात्रा में प्रयोग किये जाने के कारण भूमि की उर्वरता कम होती जा रही है।

**(उपरोक्तानुसार विस्तार करने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 6 अंक प्राप्त होंगे)**

अथवा

चावल की फसल के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाएं निम्नलिखित है :–

1. चावल की फसल उष्ण और आर्द्र मानसूनी दशाएं की उपज है।
2. चावल बोते समय $20^{0}$C तथा पैदावार बढ़ते समय $24^{0}$C तापमान होना चाहिए।
3. चावल की फसल पकते समय तापमान लगभग $27^{0}$C होना चाहिए।
4. चावल की फसल के लिए वार्षिक वर्षा 150 सेमी से 200 सेमी आवश्यक है।
5. चावल की फसल के लिए उपजाऊ चिकनी या चीका दोमट मिट्टी की आवश्यकता होती है।
6. चावल की फसल उत्पादन के लिए भूमि समतल होना चाहिए ताकि खेतों में पर्याप्त पानी भरा रह सके।

7. सस्ते श्रमिक उपलब्ध होना चाहिए ताकि फसल बोना, जोतना, रोपना, काटना आदि कार्य हाथ से करना पड़ते है। इसलिए घनी आबादी वाले प्रदेश में सस्ते मजदूर प्राप्त हो जाते है।

**(उपरोक्तानुसार विस्तार एवं अन्य बिन्दुओं का भी विस्तार करने पर पूर्ण 6 अंक प्राप्त होंगे। प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 6 अंक प्राप्त होंगे)**

उत्तर 18. वनों से होने वाले लाभ निम्नलिखित है :–

1. **लकड़ी की प्राप्ति :–** वनों से हमें इमारती लकड़ी एवं व्यापारिक महत्व की लकड़ी प्राप्त होती है इनमें साल, सागौन, शीशम, चन्दन, आम, नीम, पीपल, देवदार आदि महत्वपूर्ण वृक्ष है।
2. **ईंधन की प्राप्ति :–** प्राचीन समय से लेकर विगत कुछ वर्षा पूर्व तक लकड़ी ही एकमात्र साधन था और आज भी ग्रामीण बस्तियों में खाना पकाने आदि में जंगल की सूखी लकड़ियों का पर्याप्त उपयोग किया जाता है।
3. **औषधियों की प्राप्ति :–** वनों में कई प्रकार की दुर्लभ जड़ी बूटियां पायी जाती है और कई प्रकार के रोगों के उपचार में इन्हें काम में लाया जाता है। आयुर्वेद में इनके प्रयोग संबंधी विस्तार से जानकारी दी गई है।
4. **बाढ़ पर रोक** :– पहाड़ी ढ़ालों और मैदानी भागों में घने जंगल होने से बाढ़ आने में रोक होती है।
5. **दुर्भिक्ष पर रोक** :– वनों से सबसे बड़ा अप्रत्यक्ष लाभ यह है कि अमाल या दुर्भिक्ष पर रोक लगती है और जनता में इसका भ्य कम हो जाता है।
6. **मिट्टी के कटाव की रोक :–** पेड़ों का सबसे बड़ा महत्व यह है कि ये मिट्टी के कटाव को रोकते है और पेड़ों की जड़े मिट्टी के कणों को थामे रहती है। इस कारण वन मिट्टी के कटाव को रोकन में सहायक होते है।

**(उपरोक्तानुसार विस्तार एवं अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तार देने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 6 अंक प्राप्त होंगे)**

अथवा

वन संरक्षण के उपाय संक्षिप्त वर्णन के साथ निम्नलिखित है :–

1. **वनों के विनाश पर रोक :–** वनों की नियमित देखभाल होना चाहिए। वृक्षो का घनत्व क्षेत्रवार होना चाहिए। वृक्षों की कटाई के साथ–साथ वृक्षारोपण अधिक मात्रा में होना चाहिए। अग्निशमन यंत्रों को वनों की सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों सहित रखना चाहिए।
2. **परिवहन के मार्गों का विकास :–** वनों की सुरक्षा के लिए वन क्षेत्रों में सड़कों तथा संचार के साधनों का विकास आवश्यक है ताकि वनों की भली प्रकार से देखभाल की जा सकती है एवं वनों का विकास भी किया जा सकता है।
3. **वानिकी विकास :–** परम्परागत वानिकी के अलावा ऐसी समय की नवीन आवश्यकताओं के अनुरूप खेत वानिकी, विस्तार वानिकी, रक्षा पंक्ति वानिकी आदि के विकास पर जोर दिया जाना चाहिए।
4. **वनों को आग से बचाना :–** वनों में अग्नि शामन के लिए आवश्यक उपकरण तथा प्रशिक्षित कर्मचारियों को तैयार किया जाना चाहिए।
5. **वन संरक्षण के प्रति लोगों में चेतना जागृत करना :–** प्राचीन काल में वनों को अत्याधिक महत्व दिया जाता रहा है। अग्नि पुराण में कहा गया है कि एक वृक्ष दस पुत्रों के बराबर होता है। लोगों में वनसंरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**(उपरोक्तानुसार विस्तार एवं अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तार देने पर पुर्ण बिन्दु पर 1 अंक एवं पूर्ण पर 6 अंक प्राप्त होंगे)**

– – – – –